तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 महा अष्टमी पर हुई विशेष पूजा अर्चना, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर कार्यक्रम आज

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सरंक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाता है। समाज कल्याण संचालनालय के निर्देशानुसार जिले में सेवा पखवाड़ा एवं रजत जयंती के अवसर पर वृद्धजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन 1 अक्टूबर को माता राजमोहिनी देवी संस्कृति भवन में सुबह 11 बजे से होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं।

### प्रयास विद्यालयों में 95 रिक्त सीट पर प्रवेश 6 तक

**बलरामपुर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले में संचालित 6 प्रयास एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से कुल 95 रिक्त सीटों पर प्रवेश किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलरामपुर ने बताया कि इसके लिए आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि 30 सितम्बर एवं अंतिम तिथि 6 अक्टूबर 2025 शाम 4 बजे तक है।

### बतौली के सेदम की घटना

# शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो पुत्र ने कर दी मां की हत्या



जांच करते पुलिस अधिकारी, इनसेट में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

कलयुगी पुत्र ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर बेरहमी से अपनी मां की पिटाई कर दी। डंडे से की गई पिटाई में गंभीर रूप से घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान बीच बचाव करने आए पिता को भी चोट आई है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही हत्या के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि बतौली थाना अंतर्गत सेदम निवासी 55 वर्षीया तिजो बाई पति शनी राम मंझवार अपने दो बेटे और बेटियों के साथ रहती थी। महिला का बड़ा बेटा सुखन साय शराब पीने का आदि था और आए दिन शराब के नशे में विवाद और मारपीट करता था। महिला का छोटा बेटा उप कुमार साय 29 सितम्बर को मजदूरी करने के लिए क्षेत्र के तेलिया पारा गया हुआ था जबकि बड़ा पुत्र सुखन साय घर पहुंचा और शराब पीने के लिए अपनी मां से पैसों की मांग करने लगा। जब महिला ने पैसे नहीं होने की बात कही तो युवक भड़क उठा और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने अपनी मां तिजो बाई की डंडे से बेदम पिटाई की। मारपीट के दौरान जब पिता शनी राम ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपी ने पिता की भी पिटाई कर दी जिससे वह चल नहीं पा रहे है। इधर बेटे की पिटाई से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। देर शाम 6 बजे जब छोटा बेटा उप कुमार घर लौटा तो उसने देखा कि पिता शनि राम और बहन घर में किनारे बैठी है जबकि उसकी मां तिजो बाई घर में मृत पड़ी हुई है। बहन ने उसे घटना की जानकारी दी जिसके बाद युवक ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल, ⏭ शेष पेज 4 पर

### पत्नी ने पेट्रोल छिड़ककर पति के बिस्तर में लगाई थी आग, मर्ग जांच में हुआ खुलासा



**मानीचौक।** सोते समय बिस्तर में आग लग जाने तथा युवक गंभीर रूप से झुलस से मौत हो जाने के मामले में जब पुलिस ने मर्ग कायम किया तो चौकाने वाली बात सामने आई। बिस्तर में आग लगी नहीं थी बल्कि लगाई गई थी और आग कोई और नहीं बल्कि युवक की पत्नी ने ही पति के गहरे नींद में होने पर पेट्रोल छिड़ककर लगाई थी। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे केन्द्रीय जेल भेज दिए है। जानकारी के अनुसार ग्राम मानी चौकपारा निवासी सोपाड़ी लाल आ. राजाराम राजवाड़े (40 वर्ष) एसईसीएल में कोयला ट्रांसपोर्ट करने वाले कोयला लोड वाहनों में सील लगाने का काम करता था। 5 अगस्त की रात भोजन करने के पश्चात सो गया। दूसरे दिन तड़क 3-4 बजे उठकर टहलने गया और फिर वापस आकर बिस्तर में आकर सो गया। इसी बीच जब पत्नी 5 बजे उठकर शौचालय गई उसी समय अचानक बिस्तर में आग गई। इधर पूरे बिस्तर में आग पकड़ लिया जिससे युवक को उठकर भागने तक का मौका नहीं मिला। आग की चपेट में आने से युवक शोर मचाते हुए बाहर निकला और जमीन में लेट कर किसी तरह आग बुझाई तब तक युवक गंभीर रूप से झुलस गया था। परिजन निजी वाहन से युवक को सूरजपुर निजी अस्पताल में दाखिला कराया लेकिन युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर अंबिकापुर पहुंचे जहां से उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे रायपुर ले कर जा रहे थे तभी बिलासपुर में उसकी तबियत ज्यादा बिगड़ जाने परिजन उसे बिलासपुर हॉस्पिटल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर शुरुआती दौर में ही मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। मर्ग कायम कर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की तो जांच में चरित्र शंका को लेकर पति पत्नी में विवाद होने का पता चला। मामले में हत्या की पुष्टि होने पर कोतवाली पुलिस ने मृतक की पत्नी मूर्ति राजवाड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिस पर पत्नी ने बताया कि चरित्र शंका को लेकर पति द्वारा आए दिन विवाद करने से नाराज होकर उसने सुनियोजित तरीके से बाहर खाट में सो रहे पति के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा देने की बात बताई। महिला ने पूछताछ के बाद हत्या की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। कोतवाली टीआई विमलेश दुबे ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित पत्नी मूर्ति बाई राजवाडे (37 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे केंद्रीय जेल अंबिकापुर भेज दिया गया।

# लंबी प्रतीक्षा के बाद भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित, विनोद महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भाजपा सरगुजा जिला पदाधिकारियों की गई घोषणा
- सेवा, समर्पण और अनुशासन से संगठन को नई दिशा देंगे सभी पदाधिकारी : सिसोदिया





भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की सहमति तथा भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अनुशंसा से सरगुजा जिला भाजपा पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

संगठन द्वारा दी गई नई जिम्मेदारियों में श्रीमती अरूणा सिंह एवं विनोद हर्ष को भाजपा जिला महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। जिला उपाध्यक्ष का दायित्व दिनेश साहू, मधु शुक्ला, चंद्रिका यादव, विकास पाण्डेय, मधु चौदहा व इंदर भगत को सौंपा गया है। वैभव सिंहदेव, रणवीर राम, नीलू मिस्त्री, रजनीश पाण्डेय, पूनम टेकाम एवं सुनीता राजवाड़े को जिला मंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष निश्चल सिंह, सह कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल एवं प्रवक्ता अजय सिंह को बनाया गया है। रूपेश दुबे को संवाद प्रमुख का एवं विवेक दुबे को पुस्तकालय प्रभारी बनाया गया है। विकास वर्मा एवं रविशंकर जायसवाल को सोशल मीडिया की जवाबदेही दी गई है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा संगठन सेवा, समर्पण और अनुशासन की शक्ति से कार्य करता है। आप सभी पदाधिकारी संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे।

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113




Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in
ORA MAKERS
Own your real asset.




A NEW ADDRESS OF LUXURY AND LIFESTYLE
New Town
Own it!
Bilaspur's Most Awaited Premium Township of
DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS
SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES
Discover a township that is built to inspire and designed to last. Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.
Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages




TO AVAIL PRE-LAUNCH OFFER, CALL:
98931 13444/ 98931 28333
New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)
Shrine +91 98337 11720

## खबर संक्षेप

### विभिन्न खदानों व कार्यालयों में पदस्थ 33 कोल कर्मचारी हुए रिटायर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न खदानों कार्यालयों,कर्मशाला में पदस्थ 33 कोल कर्मचारी मंगलवार 30 सितंबर को ड्यूटी से सेवानिवृत्त हो गए। मंगलवार को महाष्टमी अवकाश होने के कारण सेवानिवृत्त कर्मियों को अगले कार्यदिवस में विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें पारंपरिक विदाई दी जाएगी। मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए कर्मियों में रेहर खदान से जनार्दन प्रसाद, उत्तमदास, हीरासाय, आनंदी, सत्यनारायण, रामेश्वर प्रसाद, जयनाथ, जागर साय, गायत्री खदान से मुनिमहेश, धनसाय, धनीराम, राजेश किंडो, मरवाड़ी, चंद्रिका,भंडारी, जे हरिप्रसाद, कुमदा सब एरिया से इहर साय, मनोहर, चंद्रिका प्रसाद पाठक, दशरथ प्रसाद, बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से देवानंद साहु, लिखन, श्रीत लाल, भीषम, सियाराम, कुमदा 7-8 नंबर खदान से शिव प्रसाद, आमगांव खदान से रामकिशुन, मुनेश्वर, अब्दुल मनान खान, रीजनल वर्क शॉप से सी तिर्की, जवाहर राम, बसंती, अमेरा खदान से रूपसाय के नाम शामिल हैं।

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में 6 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन अदायगी का दिया आदेश



**अम्बिकापुर।** समय सीमा की बैठक में आज कलेक्टर एस जयवर्धन ने 6 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन अदायगी आदेश प्रदाय किया। कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति तिथि को ही पेंशन का प्राधिकार एवं अन्य स्वत्वों का भुगतान शीघ्र हो जाए। अम्बिकापुर से जारी सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनका पेंशन अदायगी आदेश दुर्योधन प्रसाद गुप्ता, बसंत लाल गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, बाबूलाल राजवाड़े, 10वीं बटालियन सिलफिली रफायल बरूआ, मेहरू राम को प्रदाय किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी, लगा रहे समिति का चक्कर

# आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डीपाडीह कला कार्यालय में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**
- समिति के अधीन है 20 ग्राम पंचायत

किसान खेतों में धान की फसल लगाने तथा कुछ दिनों बाद फसल तैयार हो जाने पर अब धान बिक्री को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। समय पर किसान धान को समिति में बेच सके इसके लिए समिति में आधार सीडिंग एवं नॉमिनी का पंजीयन कराने में जुट गए है। हैरानी की बात तो यह है कि कई समितियों में पंजीयन का काम शुरू है लेकिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डीपाडीह कला कार्यालय में ताला लटकने से किसानों की परेशानी काफी बढ़ गई है। ऐसे में किसान समिति कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डीपाडीह कला कार्यालय के अधीन क्षेत्र के लगभग 20 पंचायत है। पंचायत के ग्रामीणों को विभिन्न कार्य के लिए कार्यालय पहुंचते है। समिति में खाद वितरण से लेकर धान बिक्री के लिए पंजीयन होता है। इधर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डीपाडीह कला कार्यालय में इन दिनों किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। किसानों द्वारा आधार सीडिंग एवं नॉमिनी का नाम रजिस्टर्ड कराने के लिए प्रतिदिन समिति पहुंचते है लेकिन समिति कार्यालय में ताला लटकने किसान समिति का चक्कर लगाने को मजबूर है। किसानों का कहना है कि किसी न किसी काम के सिलसिले में आना पड़ता है लेकिन कार्यालय में ताला लटकने से न सिर्फ कोई काम नहीं होता बल्कि वापस जाना पड़ता है। ऐसे में समय की बर्बादी होती है। अब धान पकने को है और समय पर पंजीयन नहीं होने से धान बिक्री करने के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। किसानों में बताया कि इस वर्ष भारी वर्षा के कारण कुछ किसानों ने खेतों में धान की फसल देरी से लगाए है जिससे खाद के लिए भी समिति आ रहे है लेकिन कार्यालय बंद होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। समिति के गेट पर ताला लटका रहता है। डीपाडीह कला प्रबंधक कमलेश, ऑपरेटर दुर्योधन प्रजापति, बारदाना प्रभारी चंद्रप्रकाश कार्यालय बंद कर कार्यालय के कर्मचारी नदारद रहते हैं जिससे किसान परेशान है।



बंद समिति।

### समिति कार्यालय समय से खोलने की मांग

किसानों ने समिति प्रबंधन से समिति कार्यालय को नियमित खोले की मांग की है। किसानों का कहना है कि समिति में हर रोज कई पंचायत के लोग किसी न किसी काम के सिलसिले में डीपाडीह समिति कार्यालय आते है लेकिन कार्यालय बंद होने के कारण बैरंग ही वापस लौटना पड़ता है। समिति की लापरवाही से किसानों का समय खराब हो रहा है और वे अपने कृषि कार्यों से भी वंचित हो रहे हैं।

### कराई जाएगी जांच

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डीपाडीह कला कार्यालय में ताला लटका रहता है इसकी जानकारी नहीं है। किसानों का समिति कार्यालय में काम नहीं हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी।

-विजय यादव, शाखा प्रबंधक

# नेशनल किकबॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



नेशनल किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में 22 से 26 सितम्बर तक जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया था।

इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम से 34 खिलाड़ी और 7 अधिकारी नेशनल कोच सरवर एक्का के नेतृत्व में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छग के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 10 रजत और 15 कांस्य पदक हासिल किए है। इनमें सरगुजा के खिलाडी आयुष सारथी ने 63 किग्रा लाइट कॉन्टैक्ट वर्ग में स्वर्ण पदक जबकि संगीता सिंह ने 50 किग्रा प्वाइंट फाइट वर्ग में रजत पदक जीता। वहीं शौर्यवर्धन सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन कर सभी का दिल जीता। खिलाड़ियों की सफलता पर किकबॉक्सिंग संघ सरगुजा के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा गुप्ता, सहायक सचिव नितिन श्रीवास्तव, कोच गन्नू खत्री, सुश्री स्वाति राजवाड़े सहित अन्य ने बधाई दी है।

# विश्व रैबीज दिवस पर चलाया गया जनजागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



विश्व रैबीज दिवस पर रैबीज बीमारी के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को के निर्देश पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. मार्को ने बताया कि रैबीज सौ प्रतिशत जानलेवा बीमारी है।

उन्होंने मरीजों को रैबीज के लक्षणों की जानकारी दी। इसके साथ ही बताया कि रैबीज चूहे, गिरगिट, छिपकली, के काटने से नहीं होता। केवल स्तनधारी जीव जिसमें कुत्ता, बिल्ली, भालु, चमगादड़, जंगली जानवर सियार के काटने से होता है। जिसमें मरीज को वायरस प्रतिरोधी टीका नहीं लगा तो ये 30 से 90 दिन और कभी कभी 90 दिन से ज्यादा होने पर रेबीज बीमारी होती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र राम ने जानकारी दी कि हाल के दिनों में जानवरों के काटने की जनसंख्या में वृद्धि हुई है। जिसमें कुत्ते के काटने के केस सर्वाधिक रहे जो विगत 8 महीने में 2500 की संख्या से ज्यादा रहे। नोडल अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जानवरों के काटने या खरोच लगने पर 10 दिन के अन्दर रैबीज का टीका लगना चाहिए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, डॉ. युगल किंडो, डॉ. वर्षा, शेखर, नरेन्द्र सहित अन्य मौजूद थे।

# क्रांतिकारी टाना भगत ने किया जनजातीय समाज में सामाजिक, धार्मिक चेतना का संचार : चिंतामणि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संत गहिरा गुरू आश्रम में मनायी गयी जयंती

जनजाति गौरव युवा समाज ने जतरा टाना भगत की जयंती भाथूपारा स्थित संत गहिरा गुरू आश्रम मणिपुर में मनाई। समारोह में सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जतरा टाना भगत ने जनजातीय समाज में स्वाधीनता का अलख जगायी साथ ही सामाजिक, धार्मिक चेतना का संचार किया। उनके योगदान एवं बलिदान से समाज को प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने उरांव समाज के इतिहास एवं संस्कृति के बारे में बताया तथा रोहतासगढ़ किला, कुडुख बोली, समाज के आयोजनों में गाए जाने वाले गीतों में लय एवं स्वर से भावनाओं के प्रगटीकरण का उल्लेख किया।



जनजाति गौरव युवा समाज प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने कहा कि जतरा भगत ने समाज को संगठित कर जनजातीय समाज में अंग्रेजों के अत्याचार और शोषण के खिलाफ आवाज उठाकर असहयोग आंदोलन की शुरूआत की। उन्होंने मालगुजारी नहीं देने, बेगारी नहीं करने और कर नहीं देने की घोषणा की तथा महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से पूर्व ही इस आंदोलन का बिगुल फूंककर समाज को एकजुट कर देशभक्ति का संचार किया।

यह सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन भी था। समारोह में पार्षद सालेम केरकेट्टा, जनजाति गौरव युवा समाज जिला उपाध्यक्ष सचिन भगत, डॉ.गोकरण प्रताप सिंह, यदुवंश केरकेट्टा, चमन राम, अवधेश केरकेट्टा, उमेश किस्पोट्टा, खुशबु एक्का, संदीप भगत, अरूण भगत, अमरनाथ, सबीना, ममता, गुडन, शीला, मोहरमणि, आशा, लक्ष्मी दास, सौम्या भगत, कमील लकड़ा, सुभाष लकड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** गांव में खेत के समीप घास काट रही महिला करंट की चपेट में आ गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लहपटरा निवासी अमृता राजवाड़े पति मोतीराम राजवाड़े (36 वर्ष) सोमवार की दोपहर गांव के ही सुनती, तिलेश्वरी व मीना के साथ घास काटने गई थी। महिलाएं सूरज राजवाड़े के खेत के समीप घास काट रही थी तभी फसल को सुरक्षित करने के लिए लगाए गए करंट की चपेट में अमृता आ गई जिससे मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन महिला को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## श्रीश्री राधागोविंद सेवाकुंज कमलपुर की नई समिति गठित

**बिश्रामपुर।** श्रीश्री राधागोविंद सेवाकुंज मंदिर कमलपुर में गत दिनों कीर्तन संबंधित सभा का आयोजन किया गया, आयोजन में उपस्थित सदस्यों द्वारा तीन वर्ष हेतु समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष गौरांग मंडल, सचिव कृष्ण विश्वास, मुख्य संरक्षक डॉ.गणेश मंडल, संयोजक सुखदेव मंडल को सर्वसम्मति से चुना गया, साथ ही बैठक में अन्य कई मुद्दों पर भी चर्चा कर निर्णय लिया गया, इस दौरान राधिका रंजन ब्रजवासी गोस्वामी के अलावा शीबू पदढाली, रतन हालदार, माखन राय, श्रीवास रपतान, जयबंधु मंडल, सपन सरकार व अन्य उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.20250902170067/ब-121/2024-25

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीतू सिंह पति सुधीर सिंह, निवासी रिंग रोड नमनाकला अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 70/3 रकबा 1.200 हे. में से कुल रकबा 0.072 हे. (721 वर्ग मीटर) भूमि एवं उस पर निर्माणाधीन मकान को अनावेदक कमलेश पटेल आ. अनिल पटेल, व अन्य 07. निवासी वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर (छ.ग.) को कुल रू. 2,00,00,000/- (दो करोड़ रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/10/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2**
**जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.20 /ब-121/2024-25

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स कोणार्क बिल्डर्स द्वारा भागीदार मनीष कुमार सिंह आ. सुधाकर सिंह, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नबर 201/2 रकबा 0.263 हे. में से 55 वर्गमीटर भूमि अनावेदक आकाश पटेल आ. जितेन्द्र बहादुर पटेल, निवासी वार्ड नं. 03 चोपडापारा, विश्रामपुर तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) को कुल रू. 25,00,000/- (पच्चीस लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/10/2025 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
रा.प्र.क्र./...... /अ-20(3)/2024-25

**ईश्तेहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रामचन्द्र अग्रवाल आ. स्व. सेठ मातुराम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी देवीगंज रोड महाराजा गली अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर नगर अम्बिकापुर, शीट नम्बर 03 स्थित भूखण्ड क्रमांक 1073/1 रकबा 6098 वर्गफीट में से रकबा 26.5 X 40 = 1060 वर्गफीट भूमि को अनावेदक/क्रेता श्रीमती मंजू सोनी पत्नी सम्पत सोनी जाति सोनार निवासी जोड़ापीपल रोड महाराजा गली अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/10/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल - जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी - शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया - जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा - एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

स्वदेशी खादी महोत्सव
(सिर्फ कुछ दिनों के लिए)
भव्य पारिवारिक प्रदर्शनी एवं बिक्री
बिहार - भागलपुरी सिल्क, सूट, साड़ी
जम्मू काश्मीर - काश्मीरी सिल्क साड़ी, सूट
आसाम - आसाम सिल्क साड़ी, सूट
उत्तर प्रदेश - बनारसी सिल्क साड़ी, सूट
आंध्रप्रदेश - पोचमपल्ली पटोला साड़ी, सूट
उत्तर प्रदेश - लखनवी चिकन वर्क सूट टॉप
मध्य प्रदेश - चंदेरी सूट
छत्तीसगढ़ - कोसा सिल्क मटेरियल साड़ी
गुजरात - हैण्डीक्रॉफ्ट बैग
पश्चिम बंगाल - जूट बैग, जींस बैग
दिल्ली - लेदर बैग
राजस्थान - टॉप, सूट, साड़ी, मोजरी
केरला - साड़ी, सूट
पंजाब - फुलकारी वर्क
जयपुर - ज्वेलरी
एक लाख से अधिक वैरायटी के साथ सजा स्वदेशी खादी महोत्सव
सहारनपुर फर्नीचर, इमिटेशन ज्वेलरी, खुरजा का क्रॉकरी, भदोही का कारपेट इत्यादि।
स्थान - घड़ी चौक, कला केन्द्र मैदान अम्बिकापुर (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA
क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक -21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जॉच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

## खबर संक्षेप

### रनीश जायसवाल को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** शहर के केदारपुर निवासी रनीश जायसवाल आ. श्याम किशोर जायसवाल को वाय बीएन विश्वविद्यालय द्वारा फार्मेसी विषय में पीएचडी



की उपाधि प्रदान की गई है। उन्हें यह उपाधि उनके शीघ्र प्रबंध सिंथेसिस कैरेक्टराइजेशन एण्ड एवेल्यूशन ऑफ एंटी ऑक्सिडेंट एण्ड एंटी डायविटिक पोटेंशियल ऑफ नोवेल डेरिवेटिव एजिराइडीन के लिए प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन डॉ.आशीष सरकार के निर्देशन में पूरा किया।

### सेवा पखवाड़ा के तहत भटगांव मंडल में हुई कार्यशाला



सोनगरा। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी को लेकर मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में जिला महामंत्री अशोक सिंह , विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े, मंडल सह प्रभारी जगरे लाल यादव के आतिथ्य में आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंडल कार्यशाला आयोजित किया गया था जिसमें जीएसटी को लेकर कार्यशाला में चर्चा किया गया की रोजमर्रा के जीवन में हम जो रोजाना जरूरत की चीजों का उपयोग करते हैं उन सभी वस्तुओं का मूल्य कम हुआ है जिसको लोगों तक पहुंचाने का काम करना है। भाजपा जिला महामंत्री अशोक सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए संगठनात्मक चर्चा व सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दी। इस दौरान राम फल पैकरा, आशीष बाजपेई, अहिबरन मानिकपुरी, ठाकुर पैकरा, अनीता राजवाड़े, संतलाल प्रजापति, ओमकार सिंह, आशीष गुप्ता, बिहारी विश्वकर्मा, लक्ष्मी महतो, श्यामलाल राजवाड़े, शिवनाथ पैकरा, पदमा जयसवाल, राजेश गुप्ता, कमलेश सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता, विजय राजवाड़े,करन सोनवानी, हीरा सिंह, पूनम तिवारी, राजकुमारी राजवाड़े, पूजा गुप्ता, प्रिंस, रंजीत सिंह, धनेश्वर प्रधान, राजेंद्र राजवाड़े, जमधर पैकरा, विनोद बखला, विजय, कृष्णा,बच्चा लाल, गणेश यादव, रघुवीर कसेरा, उत्तम राजवाड़े, भृगु राजवाड़े सहित अन्य कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने लगाई फटकार

# हरिभूमि की खबर के बाद टीएल की बैठक में छाया रिटायर्ड प्रधान पाठक के मजदूरी करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को जिला मुख्यालय सूरजपुर में गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधानपाठक के निर्माण कार्यों में मजदूरी करने का मुद्दा पूरे दिन छाया रहा। समय सीमा की बैठक में भी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की मनमानी की काफी चर्चाएं हुई। मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला शिक्षा अधिकारी की जमकर क्लास ली।

**खास बात**

- दिए तत्काल निराकरण करने के निर्देश

शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद अधिकारियों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम इंदरपुर निवासी सुखलाल सिंह गोड़ आ.स्व.नानबुड़ा गोड़ को रिटायरमेंट के सालों गुजर जाने के बाद भी पेंशन स्वीकृत नहीं किया गया है। रिटायरमेंट पर मिली एकमुश्त राशि बेटों द्वारा हड़पने के बाद अपने गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधानपाठक को निर्माण कार्यों में मजदूरी करनी पड़ रही है। हरिभूमि ने इस संबंध में मंगलवार के अंक में गुजारा के लिए रिटायर्ड प्रधानपाठक को निर्माण कार्यों में करनी पड़ रही मजदूरी शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर शिक्षक की पीड़ा एवं शिक्षा अधिकारी की मनमानी का मुद्दा सामने लाया था। खबर का प्रकाशन राज्य भर में होने के कारण मंगलवार को पूरे दिन रिटायर्ड प्रधानपाठक का मुद्दा छाया रहा। हरिभूमि की खबर पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने समय सीमा की बैठक में इस संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा जिला शिक्षा अधिकारी से रिटायर्ड प्रधानपाठक का पेंशन प्रकरण सात साल में स्वीकृत नहीं होने का कारण पूछा। स्थिति पर उन्होंने जमकर नाराजगी जताई तथा मामले में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इधर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने भी रिटायर्ड प्रधानपाठक के पेंशन प्रकरण को स्वीकृत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। मंगलवार को सुबह बीईओ ने कुछ दस्तावेजों के साथ अपने कार्यालय के दो कर्मचारियों को रिटायर्ड प्रधान पाठक सुखलाल सिंह के घर भेजा था। कर्मचारियों ने उन्हें बीईओ का संदेश बता साथ में विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय चलने को कहा। कर्मचारियों की बात सुन सुखलाल सिंह ने कहा कि अब मैं पेंशन को भूल गया हूं तथा न तो अब कभी बीई कार्यालय जाऊंगा न ही किसी कागज पर हस्ताक्षर करूंगा। कर्मचारियों ने कुछ पन्नों पर सुखलाल को हस्ताक्षर करने को कहा लेकिन उन्होंने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया जिसके बाद कर्मचारी बैरंग वापस लौट गए।



गुजारे के लिए रिटायर्ड प्रधान पाठक को निर्माण कार्यों में करनी पड़ रही मजदूरी

25 हजार के लिए सात सालों से बीईओ कार्यालय में अटका पेंशन

बीईओ कार्यालय में सभी दस्तावेज

दिया है 10 दिन का समय

हरिभूमि में 30 सितंबर को प्रकाशित खबर।

#### कार्यस्थल से अनुपस्थित

सोमवार को ग्राम पंचायत पाल दनौली में निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय की छत की ढलाई की गई। ढलाई का काम रात्रि 8 बजे तक चला। ढलाई के दौरान रिटायर्ड प्रधान पाठक सहित अन्य मजदूरों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। थकावट होने के कारण मंगलवार को रिटायर्ड प्रधानपाठक सहित अन्य कई मजदूर कार्यस्थल पर नहीं पहुंचे।

## मर्सिडीज कार दिलाने के नाम पर 48 लाख की ठगी का आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चिकित्सक को मर्सिडीज कार दिलाने के नाम पर 48 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस में महाराष्ट्र से आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोपड़ापारा निवासी डॉ. अभिजीत जैन ने अपने एक साथी चिकित्सक के माध्यम से पुरानी मर्सिडीज कार लेने के लिए मुम्बई कांदिवली निवासी जैद जाफर खान व अन्य लोगों से संपर्क किया था।



जैद जाफर खान ने पूर्व में भी एक चिकित्सक को पुरानी मर्सिडीज कार दिलाई थी। ऐसे में उसने भी एक मर्सीडीज कार का सौदा 48 लाख रुपए में किया था और पहली किश्त 14 लाख 50 हजार रुपए अगस्त 2020 में दिया था। इस दौरान कुछ दस्तावेजी काम शेष रहने का हवाला देकर जैद जाफर खान ने अपने ड्राइवर के माध्यम से दूसरी कार भेज दी और शेष 33 लाख 50 हजार रुपए चालक के हाथों भेजने के साथ ही कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने तक भेजे हुए कार से काम चलाने को कहा था। ऐसे में डॉ.जैन ने उसे 17 लाख 50 हजार रुपए दिए और कार को रख लिया। इसके बाद लगातार जैद जाफर खान लगातार शेष बचे हुए पेमेंट को भेजने के लिए चिकित्सक पर दबाव बनाता रहा और पैसे भेजने पर ही पसंद की गई मर्सिडीज कार देने की बात कही ऐसे में उसने 11 लाख रुपए जैद जाफर खान के खाते में भेज दिया। ऐसे में जैद जाफर खान 7 फरवरी 2021 को खुद शहर में आया और शेष बचे हुए 5 लाख रुपए और पूर्व में भेजी गई कार को यह कह कर ले गया कि उसकी कार ड्राइवर से भेज देगा लेकिन पैसे और कार लेकर जाने के बाद जैद खान ने चिकित्सक का फोन उठाना ही बंद कर दिया। अपने साथ 48 लाख रुपए की ठगी का एहसास होने के बाद चिकित्सक अभिजीत जैन ने कोतवाली पुलिस से 29 जुलाई 2024 को शिकायत की थी जिसपर पुलिस ने भादवि की धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया था। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम मुंबई के लिए रवाना हुई थी जहां उन्होंने वेस्ट मुंबई हिल पार्क जागेश्वरी निवासी 28 वर्षीय जैद जाफर खान आ. जफर खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## 439 किलो गांजा समेत लाखों के नशीले सामान किए गए नष्ट

**अंबिकापुर।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने लाखों रुपए के गांजा, नशीला इंजेक्शन, टेबलेट, सिरप के नष्टीकरण की कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पावर प्लांट में सभी मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। विभिन्न प्रकरणों में पकड़े गए मादक पदार्थों के नष्टीकरण के निर्देश एसएसपी राजेश अग्रवाल ने दिए थे। ऐसे में नष्टीकरण समिति के अध्यक्ष एसएसपी श्री अग्रवाल, सदस्य अमोलक सिंह ढिल्लो, जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीकान्त गायकवाड व पर्यावरण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में सूरजपुर जिले के गिरवरगंज स्थित इन्द्रा पावर जैन प्राइवेट लिमिटेड में नष्टीकरण की कारवाई की गई। अधिकारियों ने 75 प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थ



गांजा 439.544 किलोग्राम, इंजेक्शन 7435 नग, टेबलेट 2414 नग,कैप्सूल 11070, कफ सिरफ 898 नग कों विधिवत नष्ट किया। नष्टीकरण के दौरान थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि गंभीर साय, प्रधान आरक्षक अनिल तिर्की, आरक्षक अजय यादव उपस्थित रहे।

## बंद पड़ी खदान से कोयला निकालने दौरान युवक के ऊपर गिरा स्लैब, दबने से मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल भटगांव की बंद पड़ी दुग्गा ओपन कास्ट पोखरिया खदान से अवैध रूप से कोयला निकालने के प्रयास में सोमवार को सरगंवा निवासी युवक की दबकर मौत हो गई है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची भटगांव पुलिस ने भटगांव कॉलरी के रेस्क्यू टीम को सूचना देकर मौके पर बुलवा रेस्क्यू अभियान चलाया, पहले दिन सफलता नहीं मिलने व रात हो जाने के कारण रेस्क्यू अभियान को रोकना पड़ा,आज मंगलवार को दूसरे दिन पुनः एक बार रेस्क्यू अभियान चलाया गया,कुछ घंटों की मशक्कत के बाद युवक के शव को बरामद कर लिया गया है,भटगांव थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने बताया कि युवक की पहचान शिवा चेरवा के रूप में की गई है जो सरगांवा निवासी बताया गया है,बताया गया कि उक्त खुली खदान करीब 12 वर्षों से बंद पड़ी हुई है,प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से खदान पहुंच मार्ग को बाधित करने के उद्देश्य से कंक्रीट की

- संयुक्त दल द्वारा दो दिन तक चलाये गये तलाशी अभियान के बाद मिली युवक की लाश



दीवार खड़ी की हुई है,दीवार के बाजू ही वह कोयला निकाल रहा था,तभी स्लैब ढह गई और वह दब गया,खबर है कि उसके साथ अन्य लोग भी थे जो घटना के बाद भय से मौके से भाग निकले और शिवा के परिजनों को घटना की सूचना दी,तत्पश्चात परिजन भटगांव थाना पहुंचकर पुलिस को घटना से अवगत कराया है,बताया गया कि मृतक अपने ससुराल में रहकर जीवन यापन करता था,वह सरगंवा वार्ड नंबर दो निवासी टूका बैगा का दामाद था,शव बरामद होने के बाद भटगांव पुलिस ने शव का पीएम व पंचनामा कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है।बता दें कि एसईसीएल के बिश्रामपुर,भटगांव क्षेत्र में अवैध कोयला उत्खनन के दौरान अब तक सैकड़ों लोगों की जाने जा चुकी हैं।प्रबंधन बंद खदानों से अवैध उत्खनन रोकने करोड़ो रुपये अब तक खर्च चुका है, जिसके तहत बंद खदानों के चारों तरफ पत्थर की रिटर्निंग वॉल और अब पॉवर प्लांटों से निकलने वाले राख को खुली खदानों में भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है,फिलहाल मामले में भटगांव पुलिस ने मर्ग कायम किया है।




श्री चाँदखेड़ी ट्रैक्टर्स
मेन रोड चंदरपुर - सूरजपुर, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)
मो. 7000495052
ब्रांच :- प्रतापपुर, भैयाथान, प्रेमनगर, मो. 9589725105

## खबर संक्षेप



### जिपं सदस्य बेला कुशवाहा ने दुर्गा पंडालों में की पूजा

**वाड्रफनगर।** जिपं सदस्य श्रीमती बेला अनिल कुशवाहा ने विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर दुर्गा पूजा पंडालों में माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने पंडालों में पुजारियों को शॉल और वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया तथा दुर्गा पूजा समितियों को सहयोग राशि प्रदन की।

### बिजली बिल बढ़ोत्तरी को लेकर युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**रामानुजगंज।** युवा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेशभर में भाजपा सरकार द्वारा की गई बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी और लगातार हो रही बिजली कटौती के खिलाफ युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह के मार्गदर्शन में विजयनगर एवं महावीरगंज क्षेत्र के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महावीरगंज बिजली कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल की प्रतियों को जलाकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मिखाएल एक्का, नीरज गुप्ता, इंतखाब अंसारी, सुमंत यादव, राजेश गुप्ता, राजू अंसारी, अशफाक अंसारी, सदाकत अंसारी, रवि गुप्ता, रवींद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, धीरज सिंह, गौतम सिंह, आकाश ठाकुर, हृदय सिंह, शहीद अफरीदी रज़ा, तौफीक अंसारी, कबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ाया युवक, गया जेल



**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना पर टीम ने न सिर्फ एक नशे के कारोबारी को पकड़ा बल्कि उसके पास से 1 लाख 75 हजार कीमत के 178 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा नशेडियों एवं नशे के कारोबारियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बीती रात क्षेत्र में गश्त करने के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि दर्रीपारा निवासी सूरज यादव बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 0906 से हर्रा टिकरा पुलिया मेडिकल कॉलेज के समीप भारी मात्रा में इंजेक्शन का सप्लाई करने वाला है। सूचना पर तत्काल उड़नदस्ता टीम ने मेडिकल कॉलेज हर्रा टिकरा पुलिया के पास घेराबंदी कर बाइक सवार युवक को पकड़ा। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सूरज यादव बताया जिस पर टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली तो बैग से 1 लाख 75 हजार कीमत के 178 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। टीम ने बाइक सहित नशीले इंजेक्शन को जब कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता सक्रिय रहे।

### मंदिर में पूजा करने गई महिला के गले से चोरों ने पार किया सोने का लॉकेट

**अम्बिकापुर।** बौरीपारा हार्डवेयर गली निवासी अर्चना केसरी पति सुनील केसरी (35 वर्ष) सोमवार की शाम परिवार के साथ पूजा करने गई थी। पूजा करने के दौरान ही चोरों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट पार कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब महिला पूजा कर बाहर निकली तो देखा गले में 28 हजार कीमत के जीवतिया लॉकेट नहीं है। काफी खोजबीन के बाद जब लॉकेट का पता नहीं चला तो घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की।

## पेज 1 के शेष...

### शराब के लिए पैसे नहीं दिए...

एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पीएम के लिए भेजा। इसके साथ ही पुलिस ने मृतक के परिजन के बयान दर्ज करने के साथ ही आरोपी सेदम निवासी 27 वर्षीय सुखन साय आ. शनी राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मां की हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में आरोपी सुखन साय को बीएनएस की धारा 103(1), 296, 351(3), 115(2) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी, सउनि संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट तिर्की, आरक्षक राजेश खलखो, राजू कुजूर, जोगी बड़ा, नवीन खलखो, संतोष बरवा, प्रदीप तिर्की, सैनिक रामभरोष तिर्की, गजानंद सिंह सक्रिय रहे।

## हुई संधि पूजा, दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

# महा अष्टमी पर हुई विशेष पूजा अर्चना, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शारदीय नवरात्र के महा अष्टमी के मौके पर शक्ति पीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान शहर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में विधि विधान से महा अष्टमी की विशेष पूजा के साथ ही संधि पूजा की गई। मंदिरों में माता के दर्शन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी मां महामाया स्थित कुल देवी मंदिर में पहुंचकर विधि विधान से संधि पूजा की और अपने व परिवार के साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की।

**खास बात**

- कराया गया कन्या भोजन

शारदीय नवरात्र में सरगुजा का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। शहर सहित जिलेभर के शक्तिपीठों में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है इसके साथ ही दुर्गा पंडालों में भी बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे है। इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने के कारण शारदीय नवरात्रि दस दिनों की है। यही वजह है कि नवरात्र को लेकर श्रधालुओं ने खासा उत्साह है। श्रद्धालु उपवास रखने से साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे है। शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पंडालों में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ ही भंडारे का आयोजन किया जा रहा है और दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जा रही है। मंगलवार को महाअष्टमी के मौके पर भी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। शहर के प्रसिद्द मां महामाया मंदिर में सुबह पांच बजे से ही भक्तों की भीड़ पहुचनी शुरू हो गई थी। सुबह पांच से शाम दस बजे तक बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना पर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। शहर के दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, वन देवी मंदिर, काली मंदिर, लखनपुर के प्राचीन भवानी मंदिर, जजगा के रामपुरहिन मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही शाम के समय बड़ी संख्या में लोग पंडालों में भी माता के दर्शन के लिए पहुंचे थे। मंदिर व दुर्गा पंडालों में देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं आज घरों में भी लोगों ने नवरात्रि का व्रत रखने के साथ ही माता की के आठवें रूप महागौरी की पूजा अर्चना की और विधि विधान से हवन पूजन किया।



महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

### पूर्व डिप्टी सीएम ने की संधि पूजा, 2 को होगी शस्त्र पूजा

शारदीय नवरात्रि के महाअष्टमी एवं नवमीं के संधि अवसर पर सरगुजा राजपरिवार के द्वारा अपनी कुलदेवी मां महामाया को की जाने वाली विशेष श्रृंगार पूजा जिसे संधि पूजा के नाम से भी जानते हैं आज मां महामाया मंदिर में सम्पन्न हुई। सरगुजा राजपरिवार के वर्तमान मुखिया एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने पारिवारिक परम्पराओं का निर्वहन करते हुए मां महामाया मंदिर पहुंच मां की विशेष श्रृंगार, संधि पूजा की। अम्बिकापुर में स्थित मां महामाया मंदिर में विराजमान मां महामाया सरगुजा राजपरिवार की कुलदेवी हैं तथा प्रत्येक वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर राजपरिवार द्वारा परम्पराओं का निर्वहन करते हुए संधि पूजा की जाती है। इस अवसर पर सरगुजा राजपरिवार द्वारा सर्वप्रथम मां महामाया इसके उपरांत मां समलाया और रघुनाथ पैलेस पहुंच कर फाटक पूजा, द्वार पूजा की जाती है जिसके बाद औपचारिक रूप से सरगुजा पैलेस के दशहरे की शुरुआत होती है। मां महामाया मंदिर में राजपुरोहित एवं बैगाओं के माध्यम से पूजा सम्पन्न हुई। जबकि पैलेस में फाटक व द्वार पूजा बैगाओं के द्वारा की जाती है। सबसे पहले बैगा पूजा उपरांत पैलेस में प्रवेश करते हैं इसके पश्चात उनकी अनुमति से राजपरिवार के मुखिया व अन्य सदस्य पैलेस में प्रवेश करते हैं। पैलेस में स्थित कचहरी में गद्दी पर सरगुजा राजपरिवार के मुखिया बैठते हैं और मौजूद लोगों से हालचाल लेते हैं इस दौरान कई लोग उनका दर्शन करते हैं। सरगुजा राजपरिवार के मुखिया एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव ने इस अवसर पर परिवार के परम्पराओं का निर्वहन करते हुए पूजा अर्चना की। दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को दोपहर 12.30 से 2 बजे के मध्य शस्त्र पूजा, नगाड़ा पूजा सहित विभिन्न पूजा सम्पन्न होंगे और इसके पश्चात सरगुजा पैलेस को आमजनों के लिये खोला जायेगा। संधि पूजा अवसर पर राजपुरोहित द्विपेश पांडेय, बालकृष्ण पाठक, डॉ. एमपी अग्रवाल, शशीभाल सिंह, इन्द्रजीत सिंह धंजल, विनोद गुप्ता, आशीष वर्मा, अनिल सिंह, अमित सिंह, सतीश बारी, ऋषिकेश मिश्रा, सी. अनिल, नवीन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# महा अष्टमी तिथि पर देवीधामों में भक्तों की उमड़ी भीड़

**बिश्रामपुर।** शारदीय नवरात्रि की महा अष्टमी तिथि पर आज मंगलवार को देवी धामों व दुर्गा पंडालों में सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी दिखी,श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना कर जगत कल्याण की कामना की,गौरतलब है कि मंगलवार को शारदीय नवरात्रि पर आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा के अलावा कोयलांचल समेत आसपास इलाके में स्थित दुर्गा पंडालों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा,भक्तों द्वारा मातारानी की विधिवत पूजा अर्चना की और कई जगहों पर सार्वजनिक कन्या भोज का आयोजन भी किया गया, श्रद्धालुओं द्वारा कन्याओं को भोज कराकर यथाशक्ति दान भी किए,शारदीय नवरात्रि के अवसर पर समलेश्वरी महामाया मंदिर केनापारा प्रांगण में रात में गरबा डांडिया का भी आयोजन किया गया,शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की विधिवत पूजा अर्चना की गई, महागौरी को सौम्यता और शांति का प्रतीक माना जाता है, माता महागौरी को भगवान महादेव की अर्धांगिनी के रूप में भी पूजा जाता है, शारदीय नवरात्रि पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत द्वारा भी अजबनगर, मदनपुर, सिलफिली, कमलपुर, पार्वतीपुर, केनापारा व अन्य दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मत्था टेक आमजन की खुशहाली की कामना की गई, शारदीय नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में भक्ति का माहौल निर्मित हो गया है,महा अष्टमी तिथि पर राजापुर दुर्गा पूजा समिति द्वारा



राजापुर पंचायत के समीप सार्वजनिक करमा प्रतियोगिता का भी भव्य आयोजन कराया गया जिसमें आसपास के दर्जन भर से अधिक गांवों के लोग शामिल हुए,इसके साथ ही जगह जगह सार्वजनिक भंडारा का भी आयोजन दुर्गा पंडालों में किया गया।



**संकटमोचन हनुमान मंदिर गरबा आज**-शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा नवमी तिथि को बिश्रामपुर बस स्टैंड के समीप स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में गरबा डांडिया कार्यक्रम 1 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है।

# नगर में हर्षोल्लास से हुआ संधि पूजन बड़ी संख्या में महिलाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शारदीय नवरात्र के अष्टमी और नवमी तिथि के संधिकाल में नगर के सभी दुर्गा पंडालों में परंपरागत तरीके से संधि पूजन का आयोजन भक्ति और श्रद्धा के साथ किया गया। पूजा दोपहर 1.36 बजे से 1.44 बजे के बीच सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

विशेष रूप से नवयुग दुर्गा पूजा समिति, पीपल चौक के दुर्गा पंडाल में भव्य संधि पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें 1 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर देवी की आराधना की। नगर के अन्य दुर्गा पंडालो सभी को मिलाकर 5 हजार से अधिक महिलाओं ने संधि पूजा में भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में शामिल होकर दीप प्रज्वलन, हवन, मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन के दौरान माता रानी को दीपों से आरती अर्पित की गई और पुष्पांजलि के साथ भक्तों ने परिवार और समाज के सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा समिति द्वारा व्यवस्था बेहद सुंदर और अनुशासित रही, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

पीपल चौक दुर्गा मंडप में पूजा करने वाले पुजारी नंदलाल उपाध्याय ने बताया की संधि पूजन मां ज्वाला के सम्मान में दीप प्रज्वलन किया जाता है उन्होंने असुरों का वध किया था। इस दिन चतुष योगिनी माँ से प्रार्थना की जाती है। नगर के अन्य प्रमुख दुर्गा पंडाल शास्त्री चौक, वार्ड क्रमांक 1, मध्य बाजार में दो स्थानों पर, खोपा महुआ, बिजली ऑफिस, वार्ड क्रमांक 13 सहित अन्य पंडालों में भी संधि पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ।





## बारी दिवस पर आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

**अंबिकापुर।** मंगलवार को अष्टमी के अवसर पर बारी समाज ने बारी दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान समाज की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान समाज के लोगों ने बताया कि शारदीय नवरात्री के अष्टमी को बारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वीर शिरोमणि रूपन बारी की जयंती अंबिकापुर के गोधनपुर में मनाई गई। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि रुपन बारी और किरत बारी के वीर गाथाओं के बारे में बताया गया और समाज के लोगों को उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके साथ ही समाज की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में बारी समाज के वरिष्ठ सदस्य ललन प्रसाद बारी, जिलाध्यक्ष बारी समाज रमेश बारी, अनिल बारी, सतीश बारी सत्यनारायण बारी, मेवालाल बारी, संजय बारी, राहुल बारी, सतवंत बारी, विजय लक्ष्मी बारी, सावन बारी सहित अन्य मौजूद थे।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह सितम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह सितम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी कमेटी के सदस्य ने ली समाज प्रमुखों की बैठक

**अंबिकापुर।** अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ने सरगुजा आगमन पर जैन मैत्री संघ ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया। इसके साथ ही कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अल्पसंख्यक समुदाय की बैठक आयोजित की गई जिसमें सदस्य प्रकाश मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय को केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वा ली आर्थिक सहायता एवं योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जैन समाज के अध्यक्ष विक्रांत जैन, मनोज डागा, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि शफी अहमद, इरफान सिदकी, सिख समाज के रविन्द्र टुटेजा, पार्षद पपिंदर सिंह, ईसाई समाज के सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय को भी अपने अधिकारों के लिए जागरूक करने के केंद्र सरकार की योजना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना काफी महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री धुर्वे द्वारा योजना के अंतर्गत किस योजनाओं के लिए किए जाने वाले आवेदनों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने अल्पसंख्यक समुदाय को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस बैठक के पश्चात प्रकाश मोदी ने जैन मंदिर में उपस्थित होकर सभी जैन समाज के लोगों को सम्बोधित किया। बैठक में डॉ. एमके जैन, अशोक जैन, अजीत जैन, श्रीमती रूबी जैन, राहुल जैन, अतुल जैन, रमेश जैन, अखिलेश जैन, राजेश जैन, श्रीमती अंकिता जैन, जयंत जैन, सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा नेता के खिलाफ अपराध दर्ज करने सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दिए जाने के बाद कांग्रेस में खासा आक्रोश है। इस घटना के बाद सरगुजा में भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेवन के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस ने भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर कोतवाली थाना पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि पिंटू महादेवन केरल राज्य में भाजपा के प्रवक्ता की हैसियत से टीवी डिबेट में हिस्सा लेता है। नेपाल में हुए प्रदर्शन पर एक मलयाली चैनल के डिबेट में उसने विवादास्पद टिप्पण दी। महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता का बयान यह प्रदर्शित करता है कि वे लोकतांत्रिक प्रतिरोध को बर्दाश्त नहीं कर सकते, और साम-दाम-दंड-भेद से लोकतांत्रिक प्रतिरोध के दमन का प्रयास करते हैं। इस दौरान उनके साथ इंद्रजीत धंजल, अनूप मेहता, जमील खान, वेद प्रकाश शर्मा, निकी खान, मो इमरान, दिनेश शर्मा, आशीष शील, जमशेर खान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।




**अपराधिक मानसिकता को दे रहे शरण : सिंहदेव**

इस मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने भी ट्वीट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रवक्ता ने लाइव टीवी पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी को हत्या की धमकी दी। यह अक्षम्य और कानूनन अपराध है। यह सिर्फ किसी नेता के खिलाफ नहीं, बल्कि किसी भी नागरिक के खिलाफ हो तो भी ऐसा कहना अपराध ही है। लोकतंत्र में राजनीतिक असहमतियों पर बातचीत संविधान और शांति के दायरे में होनी चाहिए। हिंसा और हिंसक भाषा की कोई जगह नहीं। ऐसे बयान दिखाते हैं कि राहुल गांधी की निर्भीक लड़ाई से भाजपा-आरएसएस बुरी तरह घबरा गए हैं और उनका असली चेहरा सामने आ रहा है। मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूँ और भाजपा अध्यक्ष नड्डा जी से मांग करता हूं कि दोषी पर तुरंत और सख्त कार्रवाई करें। अगर ऐसा नहीं होता तो यह साफ है कि भाजपा अपराधियों और आतंकी मानसिकता को शरण दे रही है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411